जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

25 सितंबर 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया ने एनएसएस स्थापना दिवस मनाया**

जामिया मिलिया इस्लामिया  के एनएसएस कार्यालय में 24 सितंबर, 2024 को एनएसएस स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन जामिया के एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आबिद हुसैन की देखरेख में किया गया।  कार्यक्रम के दौरान पुराने एवं  नए स्वयंसेवकों सहित स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

जश्न के तौर पर केक काटने का समारोह भी आयोजित किया गया।  स्वयंसेवकों को अपने संबोधन के दौरान डॉ. आबिद हुसैन ने एनएसएस में शामिल होने के लाभों और इसके नियमों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने  यह कहा कि एनएसएस अपने स्वयंसेवकों के बीच सामाजिक सेवा और नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। यह छात्र जीवन के दौरान सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने में भी सहायता करता है और छात्रों को विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।   एनएसएस विशेष रूप से नए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित करता है जहां छात्र अपने अनुभव साझा करते हैं और स्वयंसेवा के महत्व को समझते हैं।

कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस के उद्देश्यों और गतिविधियों पर चर्चा के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों को समाज सेवा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया